SHRI RAMA CHANDRA KHUNTIA (Odisha): Sir, I too associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, all hon. Members are associating themselves with this issue.

GOVERNMENT BILL

The Lokpal and The Lokayuktas Bill, 2011

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. Now, Prof. Ram Gopal Yadav. ...*(Interruptions)*... The others may please remain quiet.

प्रो. राम गोपाल यादव: सर, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने लोकपाल बिल पर चर्चा से पहले मुझे बोलने के लिए थोड़ा सा समय दिया। श्रीमन्, जब भारत का संविधान बना, तो उसमें जो लोग थे, उनके स्टेचर बहुत बड़ा था। पंडित जवाहरलाल नेहरू, गोविन्द बल्लभ पंत, बाबा साहेब अम्बेडकर और अन्य सारे लोग, जो हिन्दुस्तान की इंटेलेक्चुअल क्रीम थी, वह उस संविधान सभा में थी, जिसने संविधान बनाया। इसके बाद की जो स्थिति है, धीरे-धीरे हमें ऐसा लगता है कि इस देश में उस सबको पलटने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। कानून में यह होता है कि जब तक कोई व्यक्ति दोषी सिद्ध न हो जाए, तब तक उसको निर्दोष माना जाए। लेकिन यह बिल इस तरह का है, जिसमें हर व्यक्ति को दोषी मान कर चला जाएगा। प्रधानमंत्री से लेकर एमपी तक और कैबिनेट सेक्रेटरी से लेकर निचले स्तर के अधिकारी तक, किसी के भी खिलाफ कोई भी व्यक्ति एप्लिकेशन दे सकता है और हम लोगों को, खास तौर से मंत्रियों को एक एसपी स्तर के अधिकारी के सामने, एक डिप्टी स्तर के अधिकारी के सामने अपना बयान देने के लिए जाना पड़ेगा। यह बहुत ही हास्यास्पद स्थिति होगी। आगे स्थिति यह होगी कि कोई भी अधिकारी निर्णय लेने से, दस्तखत करने से डरेगा। मंत्री दस्तखत करने से डरेंगे।

बोफोर्स तोप के बाद आज तक हिन्दुस्तान को दूसरी तोप नहीं मिली। एक जांच के कारण, एक डिफेंस सेक्रेटरी के जेल जाने के कारण असर यह हुआ कि हर आदमी कागजों पर दस्तखत करने से डरता है कि हमारी जांच होगी और हम फंस जाएंगे।

आज ही अखबार में आया है, "अगली सरकार के भरोसे सैन्य आधुनिकीकरण, लड़ाकू विमान, तोप, पनडुब्बी खरीद समेत कई सौदे ठंडे बस्ते में"। कोई अधिकारी फाइल पर दस्तखत करना नहीं चाहता है, वह हर फाइल प्रधानमंत्री के पास भेजना चाहता है कि प्रधानमंत्री ही इसके ऊपर दस्तखत करें ताकि जिम्मेदारी हो तो प्रधानमंत्री की हो। इस तरह सब अधिकारी अपनी ड्यूटी से बचना चाहते हैं। इसके माध्यम से आप देश को अनिर्णय की स्थिति में ले जाना चाहते हैं।

इतने दिनों से हमारी पार्टी इसका विरोध कर रही थी और लोग हमसे इसका कारण पूछ रहे थे। मैं आपके माध्यम से सभी संसद सदस्यों से और देश की जनता से यह कहना चाहता

हूं कि यह विधेयक, जिसे आप ला रहे हैं और पास करने जा रहे हैं, उसके बारे में आज नहीं तो कल, मैं जो कह रहा हूं, वही बात सच साबित होगी।

हम राजनैतिक व्यक्ति हैं, हमारे विरोधी होते हैं। जो भी आपके खिलाफ चुनाव लड़ेगा, वह आपका विरोधी है। आपके भी राजनैतिक विरोधी होंगे या कोई और विरोधी होंगे। जो यह कहें कि हम बिल्कुल सौ परसेंट दूध के धुले हैं, उस एमपी को भी कल लोकपाल आने के बाद एमपी लैड वाले मामले में जेल भेजा जा सकता है। तब उसको कोई रोक नहीं पाएगा।

यदि नीचे की वर्किंग एजेंसी से भी थोड़ी-बहुत गड़बड़ी हो जाती है, लेकिन जिम्मेदारी अंततोगत्वा एमपी की ही होगी। एमपी के लिए यह कहा जाएगा कि इसी ने बेईमानी की है। कोई अधिकारी फाइल नहीं चलाएगा। और तो छोड़िए, क्लास-III और क्लास-IV के इम्पलॉइज़ भी डरेंगे, क्योंकि कोई भी यह कह सकता है कि साहब, यह इम्प्लॉई फाइल ले जाने के लिए हमसे पैसा मांग रहा था। बस फिर जांच शुरू हो जाएगी, जिस पर कोई निर्णय नहीं हो सकता है। सबसे खतरनाक स्थिति तो यह होगी, जब प्रधान मंत्री को किसी जांच करने वाले डिप्टी एसपी या एसपी स्तर के अधिकारी के समक्ष अपनी बात कहनी पड़ेगी, ज्वाइंट सेक्रेटरी लैवल का तो उसका डायरेक्टर होगा।

अगर एक बार आपके खिलाफ जांच शुरू हो जाए, तो चाहे आप निर्दोष साबित हो जाएं, लेकिन जनता की निगाह में आप बे-ईमान साबित हो जाते हैं। जिसके दरवाजे पर एक बार सीबीआई चली जाए, बाद में चाहे वह बिल्कुल निर्दोष साबित क्यों न हो जाए, लेकिन यह मान लिया जाता है कि वह बे-ईमान है। उसके खिलाफ एक प्रचार शुरू हो जाता है। आप देश के सामने वही स्थिति लाना चाहते हैं? आप यह मान कर चल रहे हैं कि हर नेता, सारे के सारे लोग बे-ईमान हैं, केवल लोकपाल ईमानदार है। लोकपाल आएगा कहां से? लोकपाल कौन है?

अभी यहां जजिज़ का नाम लिया जा रहा था कि सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग या रिटायर्ड जज अथवा चीफ जस्टिस लोकपाल होंगे। आप बताइए कि अभी जजिज़ का मामला सामने आया है या नहीं आया? ये लोकपाल होंगे? दूसरी तरफ, जो जनता की दिन-रात सेवा करते हैं, अगर कोई आधी रात में भी दरवाजा खटखटाता है, कोई कष्ट में होता है, तो यहां बैठे हुए ये पॉलिटिकल लोग उनकी मदद करते हैं। क्या वे सब बे-ईमान हैं। क्या वे ईमानदार हैं, जो कभी किसी से मिलते नहीं, अगर मिलने के लिए टाइम लो तो कहेंगे कि पूजा कर रहे हैं या ऑफिस चले गए हैं। जब वे रिटायर हो जाएंगे तो लोकपाल बन जाएंगे और तब वे आपके खिलाफ जांच करेंगे।

मेरी आपसे अपील है कि आप इस मामले पर पुनर्विचार करें। यह देश के हित में नहीं है। जब बहुत इम्पॉर्टेंट मसलों पर निर्णय नहीं हो सकेगा, देश अनिर्णय की स्थिति में पहुंच जाएगा, वह देश के हित में नहीं होगा। प्रधानमंत्री को देश के हित में, देश की सुरक्षा के हित में कई बार तत्काल निर्णय लेना पड़ सकता है। इसमें भी क्वेश्चन उठेगा और इसमें भी जांच होंगी, तो यह देश के हित में नहीं है। इसलिए, मैं कहता हूं कि इस पर पुनर्विचार करें और इस लोकपाल विधेयक पर आप यह जो काम करने जा रहे हैं, इसमें समाजवादी पार्टी भागीदार नहीं बनेगी और इसलिए हमारी पार्टी इसका विरोध करती है और सदन से बहिर्गमन करती है।

(तत्पश्चात् कुछ सदस्य सदन से उठ कर बाहर चले गए)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mr. Kapil Sibal to move the Bill. Mr. Narayanasamy had started with it. You can continue.

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI KAPIL SIBAL): Sir, I rise to commend the Lokpal and the Lokayuktas Bill, 2011 to the distinguished Members of this House.

Sir, since my colleague Narayanasamy has already commended this Bill to the House, I will not take too much time, I would like to state that this House is confronted with a historic opportunity, either to make history or to repeat history, and, I am sure that the distinguished Members of this House will collectively, this day, make history and not repeat it.

Sometimes, we have to rise above our political viewpoints and listen to those outside this House, listen to their expectations from the distinguished Members of this House, and, also listen carefully to the manner in which we have conducted ourselves over the years. I think that never before in the history of this country has such a Bill had such a wide public discussion. I think, ever since Independence eight Lokpal Bills have been initiated in this House, and, with the exception of one in 1985, which was withdrawn, all others lapsed, and, then, we are ail aware of events, which I do not want to mention, which resulted in a Joint Drafting Committee that was set up on the 8th of April, 2011. In the course of the Joint Drafting Committee, we heard the voice of the civil society, and also opined on what should be the nature of the Lokpal and the Lokayuktas Bill. Ultimately, there was an all-Party meeting on 3rd of July, 2011, and, then, we introduced the Lokpal Bill, 2011 in the Lok Sabha on the 4th of August, 2011. The Bill was referred to the Department-related Parliamentary Standing Committee on 8th of August, 2011, and, on 27th of August, the sense of the House was summed up by my Cabinet colleague, who was then the Finance Minister, in the following words, and, I quote, "This House agrees in principle on the Citizens Charter, Lower Bureaucracy to be brought under Lokpal through appropriate mechanism and establishment of Lokayuktas in the States. I will request you to transmit the proceedings to the Department-related Parliamentary Standing Committee for its perusal while formulating its recommendations for the Lokpal."

The Standing Committee had extensive discussions with all concerned stakeholders. In its 48th Report, it made a number of recommendations suggesting major amendments in the Bill as regards the scope and the content of the Bill

including necessary provisions that ought to be incorporated. Then, in the context of the recommendations of the Standing Committee, we withdrew the Bill and introduced a fresh Bill in the Lok Sabha, a more comprehensive Lokpal and the Lokayuktas Bill of 2011, on the 22nd of December, 2011. It was passed on the 27th of December in the Lok Sabha. But when it came to this House, this House adopted a Motion on the 21st of May 2012 and referred the matter to the Select Committee. I must say, and I must compliment-the distinguished Members of the Select Committee, that they very carefully looked at various provisions of the Bill and made very comprehensive recommendations. The Leader of the Opposition here was also responsible in taking a very constructive approach to ensure that we have a comprehensive and well thought-out legislation which should be presented to this House to be passed.

Now, Sir, I want to make it very short, so I just want to give salient features of the Bill as passed by the Lok Sabha and then the salient features of the amendments that are being moved in the context of the recommendations of the Select Committee. Sir, the Bill, as passed by the Lok Sabha, provides broadly for the following:

One, it seeks to establish the institution of the Lokpal at the Centre and the Lokayukta at the level of the State and thus seeks to provide a uniform vigilance and anti-corruption road map for the nation both at the Centre and at the States.

Two, the Lokpal will consist of a Chairperson with a maximum of eight Members of which fifty per cent shall be judicial Members and fifty per cent of the Members of the Lokpal shall come from amongst the SCs, the STs, the OBCs, minorities and women. The selection of the Chairperson and the Members of Lokpal shall be through a Selection Committee consisting of the Prime Minister, the Speaker of the Lok Sabha, the Leader of the Opposition in the Lok Sabha, the Chief Justice of India or a sitting Supreme Court Judge nominated by the Chief Justice of India and an eminent jurist to be nominated by the President of India.

Three, a Search Committee will assist the Selection Committee in the process of selection. Fifty per cent of the'Members of the Search Committee will also be from amongst the SCs, the STs, the OBCs, minorities and women.

Four, the Prime Minister has been brought under the purview of the Lokpal with subject matter exclusions and specific process for handling complaints against the Prime Minister.

Five, Lokpal's jurisdiction will cover all categories of public servants, including officers of Group A and Group B and Group C and Group D employees of

[Shri Kapil Sibal]

Government on complaints referred to the CVC by the Lokpal. The CVC will send its report of PE in respect of Group' A and Group B Officers back to the Lokpal for further decision. With respect to categories of employees from Group C and Group D, the CVC will proceed further in exercise of its own powers under the CVC Act subject to reporting and review by the Lokpal.

Six, the Lokpal will have the power of superintendence and direction over any investigating agency, including the CBI, for cases referred to them by the Lokpal.

Seven, a High-Powered Committee chaired by the Prime Minister will recommend the selection of the Director CBI.

Eight, the Bill also incorporates a number of other significant features. For instance, the Bill incorporates provisions for attachment and confiscation of property acquired by corrupt means even while the prosecution is pending. The Bill lays down timelines. For Preliminary Enquiry, it is three months extendable by three months. For investigation, it is six months which may be extended by six months at a time. For trial, it is one year extendable by one year.

Nine, the Bill proposes to enhance maximum punishment under the Prevention of Corruption Act from seven years to ten years. The minimum punishment under sections 7, 8, 9 and 12 of the Prevention of Corruption Act will now be three years, and the minimum punishment under section 15, Punishment for Attempt, will now be two years.

These are the broad features of the Lokpal Bill which are now accepted. There is a general consensus that has emerged.

Now, I want to touch upon some of the most significant changes in the Bill as recommended by the Select Committee.

First, the Select Committee has recommended to do away with Part III of the Bill which contains provisions relating to State Lokayuktas and the argument was that the State Lokayuktas would be part of Parliamentary legislation that impacts on the federal structure. So, we have accepted that. In its place, the Select Committee has recommended that this part of the Bill may be replaced with a new section, section 63, which contains a mandate for setting up of the institution-of the Lokayukta through enactment of a law by the State Legislature within a period of 365 days from the date of commencement of the Act. The Government has decided to accept this recommendation. So, we will have a Lokpal Bill here and we will hopefully have in 365 days a similar Lokayukta in every State of this country.

Second, the Select Committee has recommended that the fifth Member of the Selection Committee for selection of Lokpal under the category of 'eminent jurist' may be nominated by the President on the basis of recommendation of the first four Members of the Selection Committee, namely, the Prime Minister, the Speaker, Lok Sabha, the Leader of the Opposition, Lok Sabha, and the Chief Justice of India. The Government has decided to accept this recommendation. Third, the Select Committee has recommended that in clause 14(l)(g) of the Bill, the category 'institutions financed by Government' be retained under the jurisdiction of Lokpal, but 'institutions aided by Government' may be excluded. The Government has decided to accept this recommendation. Fourth, in clause 14(l)(h) of the Bill, the Select Committee has recommended exclusion of bodies and institutions receiving donations from the public from the purview of Lokpal. Even though the Government was not in favour of excluding all such bodies receiving donations from the public from the jurisdiction of Lokpal and had agreed only to the limited exclusion of religious and charitable institutions, in the interest of evolving a consensus on the Bill, the Government is willing to accept this recommendation of the Select Committee and drop the relevant official amendment in the Bill as reported by the Select Committee. Fifth, the Select Committee has recommended that the power to grant sanction for prosecution of public servants should be shifted to the Lokpal in place of the Government. The Select Committee had also recommended that the Lokpal may be required to seek comments of the competent authority and the public servant before taking a decision. The Government has decided to accept this recommendation of the Select Committee with a slight modification that we want to give to that particular Government servant, a hearing before that decision is taken by the Lokpal. With that slight modification of a drafting nature, the Committee has also proposed an amendment to clause 23 of the Bill which dispenses with sanction of the competent authority for prosecution and investigation or inquiry ordered by the Lokpal. Here again, it is proposed to accept the recommendation of the Select Committee subject to that modification that so far to fill the gap in the revised provision as contained in draft Bill as reported by the Committee, instead of comments by the Department, an explanation by the public servant concerned will be called for before launching prosecution or called for before taking the inquiry forward by the Lokpal or by the agency concerned. Sixth, another significant recommendation made by the Select Committee is that before taking a decision on filing a chargesheet in a case upon consideration of

[Shri Kapil Sibal]

the investigation report, the Lokpal may authorise its own prosecution wing or the concerned investigating agency to initiate prosecution in special courts. The original Bill, as passed by Lok Sabha, provided for prosecution of the case only by the prosecution wing of the Lokpal. The Government has decided to accept this recommendation of the Select Committee. Seventh, the Select Committee has recommended a number of amendments in the Bill with a view to strengthening the CBI such as, (1) setting up of a Directorate of Prosecution headed by a Director of Prosecution under the overall control of the Director, CBI; (2) appointment of the Director of Prosecution on the recommendation of the CVC; (3) maintenance of a panel of advocates by CBI other than Government advocates with the consent of the Lokpal for handling Lokpalreferred cases; (4) transfer of officers of CBI investigating cases referred by Lokpal with the approval of Lokpal; (5) provision of adequate funds to CBI for investigating cases referred by Lokpal. The Government had originally decided to accept all these recommendations except the recommendation relating to transfer of officers of CBI investigating cases referred by Lokpal with the approval of Lokpal as that would affect the smooth functioning of CBI. However, in the interest of evolving a consensus on the Bill, the Government is willing to accept this recommendation of the Select Committee as well.

Now, broadly speaking, the essence of this legislation is that the investigating agencies will be independent; the appointment of the CBI Director will be done through an independent and transparent process; all public functionaries would be under the Lokpal Bill; the prosecution under the control of the Lokpal will be done through the Director, Prosecution who shall also be appointed independently. The prosecution by the CBI agency with reference to matters referred to it by the Lokpal will also be overlooked by the Lokpal itself. So, there is no element of Governmental interference when you deal with matters of corruption. I think, Sir, this is truly a historic movement. I thank the Prime Minister, the Leader of the UPA Government, the Leader of the Opposition and leaders of all political parties who are sitting here today, who have listened to the voice of millions in this country, who are really fed up with corruption at the highest levels in this country; and at all levels. *...(Interruptions)...* I do not think this is the time to laugh and snigger. In fact, this is the time to celebrate that we have at last reached a consensus. It is time to congratulate all those who have worked very hard for this consensus. We can raise issues of politics, but I don't think this is the time for that. We can

generate political heat and debate, but I don't think it is the time for that. We can criticise for what has happened, in the past, for what we did and what we did not do. I don't think it is the time for that, it is time for us to rise to the occasion to celebrate this consensus; and congratulate all those who have participated effectively, positively to evolve this consensus.

The question was proposed.

विपक्ष के नेता (श्री अरुण जेटली): माननीय उपसभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस चर्चा पर बोलने का अवसर दिया है।

महोदय, कानून मंत्री जी ने इस बिल को पेश करते वक्त कहा कि इतिहास बनता भी है और इतिहास दोहराया भी जाता है। महोदय, आज की बहस, 29 दिसम्बर, 2011 को सारे दिन चली बहस, जो कि मध्य रात्रि को इंटरप्ट हो गयी थी, उसी बहस को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया है। 29 दिसम्बर, 2011 को जो कुछ हुआ, उस इतिहास को दोहराने की जरूरत नहीं है। हवा बदली है, राजनीतिक माहौल बदला है, लेकिन समस्त विपक्ष का वही रवैया है, जो 29 दिसम्बर, 2011 को था। इस बदले हुए राजनीतिक माहौल में और इस बदली हुई हवा में शायद सरकार की समझ थोड़ी बदली है। इसलिए हम 29 दिसम्बर, 2011 को जो कह रहे थे, उस में क्या गुण था और क्या मेरिट थी, यह आज सरकार को समझ आना आरंभ हुआ है।

यह सभी के लिए खुशी की बात है कि इतिहास ने हमें एक और अवसर दिया है कि जो बहस पिछले 46 वर्षों से इस देश में चल रही थी, उसे आज समाप्त कर हम पहल करें और लोकपाल बिल को पारित करें। उस बिल में जो कमियां और कमजोरियां थीं, उनको दूर करें और उन्हें दूर करने के बाद एक विश्वसनीय और क्रेडिबल कानून, जो क्रेडिबल हो और वर्केबल भी हो, उसे देश के सामने पेश करें।

मुझे इस बात का खेद है कि हमारा एक प्रमुख राजनीतिक दल सैद्धांतिक रूप से इस कानून के खिलाफ है और इसलिए वह इस का बहिष्कार कर रहा है। बेहतर होता कि सभी राजनीतिक दल, इस के हर पहलू पर विचार कर सर्वसम्मति से इस कानून को पास करते। समाजवादी पार्टी द्वारा यह कहना कि निर्णय की प्रक्रिया इस देश में समाप्त हो जाएगी, लोग निर्णय करते वक्त डरेंगे, शायद यह अपने आप में ठीक नहीं होगा। यह कानून आने से निर्णय की प्रक्रिया सुधरेगी, लोग गलत कारणों से निर्णय करते वक्त डरेंगे और निर्णय करते वक्त यह भी महसूस करेंगे कि जो मैं फाइल पर लिख रहा हूं या जो निर्णय कर रहा हूं, कल उसे कोई-न-कोई पढ़ने वाला है और इस के ऊपर टिप्पणी करने वाला है। और मेरे द्वारा यह निर्णय करना ईमानदारी के कारण है। मुझे विश्वास है कि आरंभिक दिनों में कुछ लोगों को तकलीफ जरूर हो सकती है, लेकिन राजनीति ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें हम हर रोज सीखते हैं, हर रोज अपने आपको सुधारने का प्रयास करते हैं और इसलिए

[श्री अरुण जेटली]

जो सुधार इस देश में आवश्यक हैं, इस देश के हित और राजनैतिक व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए, उसमें यह कानून बहुत बड़ा योगदान होगा।

उपसभापति जी, यह तो हकीकत है कि जनता के बीच में राजनीति की विश्वसनीयता में और राजनैतिक लोगों के ऊपर विश्वास करने में गिरावट आई है। इसलिए इस हकीकत को हम लोग स्वीकार करते हैं और स्वीकार करने के बाद हम अपने आपको और इस व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करें। अगर हम इसे सुधारने का प्रयास करते हैं, तो निश्चित रूप से एक जो प्रक्रिया राजनीति की आरंभ होती है, क्रेडिबिलिटी और विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए, उसमें हम एक योगदान देंगे। मैंने यह भी आलोचना सुनी है कि सेन्स ऑफ द हाउस वह रेजोलूशन और निर्णय था, जो उस वक्त के वित्त मंत्री ने सदन के सामने पेश किया था और सदन ने स्वीकार किया था, उसमें देश के समक्ष जो वायदा किया गया था, वह इसमें पूरा नहीं हुआ। उसमें एक वायदा यह था कि हम एक प्रभावी लोकपाल इस देश में देंगे। इस लोकपाल में भी, जो आज हम पारित करने जा रहे हैं, सुधार की बहुत गुंजाइश है। क्या यह आदर्श कानून है? आदर्श कानून तो आज तक कभी देश में बना नहीं है, हर कानून में अनुभव के आधार पर सुधार की आवश्यकता होती है और मुझे विश्वास है कि 29 दिसम्बर, 2011 और आज के बीच में आप सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं, आने वाले कल में भी शायद इसमें चार और सुधार करने की आवश्यकता पड़े, अनुभव के आधार पर इस देश की राजनीतिक प्रक्रिया उसको करेगी। दूसरा वायदा हम लोगों ने यह किया था कि सिटीजन्स चार्टर और उनकी ग्रिवीएंसेज के संबंध में हम लोग कानून बनाएंगे। मैं सरकार से, प्रधान मंत्री जी यहां हैं, आग्रह करूंगा कि कई राज्यों में यह कानून बन चुका है, लोक सभा में यह इंटरोड्यूस हो चुका है, इस कानून को लेकर कोई राजनीतिक विवाद नहीं है, इससे तो प्रशासन का स्तर सुधरेगा, इसलिए इसको शीघ्र लोक सभा के एजेण्डा पर लाकर और उसके बाद इस सदन में लाकर पारित भी किया जाए, ताकि उस सेन्स ऑफ द हाउस रेजोलूशन का जो दूसरा चरण था, उसको भी हम पूरा कर पाएं। इसमें तीसरा विषय था कि हर राज्य के अंदर लोकायुक्त की स्थापना होगी। इस विषय पर कोई यह केवल राजनैतिक बहस नहीं, एक संवैधानिक बहस थी। हम लोगों का यह कहना था और अधिकतर राजनैतिक दल और क्षेत्रीय राजनैतिक दलों की विशेष रूप से यह मान्यता थी कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अगर लोकायुक्त या लोकपाल के माध्यम से लड़ाई लड़नी है, तो देश के संघीय ढांचे के साथ-साथ वह लड़ी जा सकती है। Federalism and the battle against corruption can co-exist. For implementing that battle against corruption through Lokpal, do we have to dismantle the federal character of India? और 29 दिसम्बर, 2011 की बहस में यह बात प्रमुख कारण थी। सरकार की तरफ से यह कहा गया कि संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत, क्योंकि एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है - International Convention against Corruption, उसको इफेक्ट देने के लिए इस कानून को लाया गया और इसलिए केन्द्रीय सरकार के पास यह अधिकार होगा। अन्य राजनैतिक दलों का यह मानना था कि यह कानून राज्य की सेवाओं के साथ संबंध रखता है, यह केवल क्रिमिनल लॉ नहीं

है। It is not merely a criminal law legislation which could be on the Concurrent List, it also deals with 'Services of the State' and 'Services of the State' is exclusively a State subject. Therefore, can the Central Parliament or Legislature enact a law in relation to action against civil servants exclusively of the State? अन्य राजनैतिक दलों को यह लगता था कि शायद यह करना संभव नहीं होगा। इसलिए सेलेक्ट कमेटी के सुझाव के बाद आज एक सुझाव लाया गया और इसमें एक प्रावधान यह कर दिया गया कि एक वर्ष के अंदर हर राज्य में लोकायुक्त बनाना आवश्यक होगा। केंद्र हर राज्य को एक मॉडल लॉ इसी कानून के आधार पर भेजे। उस कानून को या कुछ संशोधनों के साथ हर राज्य की विधान सभा के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह उस लोकायुक्त को भी पारित करे। लोकायुक्त होगा, लेकिन संविधान के दायरे में होगा और हर राज्य की जो संवैधारिक संस्था है - हर राज्य की विधान सभा, यह जिम्मेवारी उसके ऊपर दी गई है और उसके लिए यह अनिवार्य होगा कि उस कानून को वह बनाए।

उपसभापति जी, इसमें स्टैंडिंग कमेटी रही, कई रिपोर्टें रही। जैसा कि माननीय कानू मंत्री जी ने कहा कि मुझे भी सेलेक्ट कमेटी के सदस्य के रूप में रहने का अवसर प्राप्त हुआ। हमारे सहयोगी श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी जी उस सेलेक्ट कमेटी के अध्यक्ष थे और मैं उनको बधाई देना चाहूंगा कि जिस प्रकार से उन्होंने सेलेक्ट कमेटी की प्रोसीडिंग्ज़ चलाई, एक-एक प्रावधान के ऊपर घंटों-घंटों चर्चा चली। समाज के जो सबसे बड़े विशेषज्ञ हो सकते थे, उनको बुलाया गया और 29 दिसंबर, 2011 वाला जो पुराना ड्राफ्ट था, जिसको लेकर हमारे मन में बहुत शंकाएं थीं, उसको सुधारा गया। क्या लोकपाल की नियुक्ति करने में सरकार का पलड़ा भारी रहेगा, यह हमें शक था और इसलिए हम यह कहते थे कि अगर सरकार का पलड़ा भारी रहता है और केंद्र की सरकार और राज्यों में राज्य की सरकार अपने मन में लोकपाल की नियुक्ति कर ले, तो फिर उसका राजनीतिक दुरुपयोग होगा। पहले ड्राफ्ट में पांच से तीन ऐसे लोग थे जो सरकार का पक्ष ले सकते थे। उसमें एक चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया थे, एक लीडर ऑफ अपोज़िशन थे, दोनों सरकार के दायरे से बाहर थे। लोक सभा के अध्यक्ष उसमें रहेंगे, प्रधान मंत्री जी रहेंगे, पांचवें सदस्य एक ज्यूरिस्ट ऑफ एमिनेंस रहेंगे, जिनको सरकार नियुक्त करती है। इसको हम लोगों ने बदल दिया और बदलकर ये पहले चारों सदस्य जिनमें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया भी होंगे, लीडर ऑफ अपोज़िशन भी होंगे, लोक सभा के अध्यक्ष भी होंगे, प्रधान मंत्री जी भी होंगे, ये चारों मिलकर पांचवें सदस्य का चयन करेंगे जो एक ज्यूरिस्ट ऑफ एमिनेंस होगा। इस पूरी प्रक्रिया में लोकपाल की नियुक्ति वे लोग करेंगे और इसके संबंध में जो प्रक्रिया है, वे लोग चलाएंगे। जिस लोकपाल के खिलाफ शिकायत होगी, उसको हटाने का अधिकार किसके पास होगा? जो विधेयक सरकार लाई थी, उसमें हटाने का अधिकार और उस कार्रवाई को आरंभ करने का अधिकार केन्द्र सरकार के पास था। केंद्र सरकार चाहे तो राष्ट्रपति जी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट जा सकती है और जैसा अभी श्री देरेक ओब्राईन ने पश्चिम बंगाल के ह्यूमन राइट्स कमिशन के चेयरमैन के संबंध में एक विषय उठाया था, तो केवल केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में रेफर कर सकती है, कोई

[श्री अरुण जेटली]

दूसरा सदस्य चाहे भी तो नहीं कर सकता। उस प्रावधान को बदलकर सांसदों द्वारा जैसे इम्पीचमेंट प्रोसेस होता है, यह अधिकार उसकी तरफ शिफ्ट किया गया। इस रेफरेंस के दौरान, मौजूदा मसला, जिसका जिक्र किया गया कि क्या वे अपने पद पर बने रह सकते हैं? पुराने बिल में सस्पेंड करने का अधिकार केंद्र सरकार को था, वह अधिकार भी सुप्रीम कोर्ट को शिफ्ट कर दिया गया, ताकि लोकपाल को हटाने या सस्पेंड करने के प्रावधान को भी एक प्रकार से निष्पक्षता दी जा सके। इसके अतिरिक्त लोकपाल का जो अधिकार क्षेत्र है, उसके संबंध में मैं सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि एक बार उस पर पुनर्विचार कर ले। जहां सरकारी धन, सरकारी साधन और सरकारी राजस्व का इस्तेमाल होता है, सरकार के संबंध में, सरकारी संस्थाओं के संबंध में, लोकपाल के अधिकार-क्षेत्र में वे लोग आते हैं। The jurisdiction of the Lokpal and Lokayuktas predominantly should be in relation to where Government revenues are involved, where Governmental functions are involved. In the original Bill, you had kept a provision that besides the Government, anybody else, including the private bodies which are raising donations from the public, would also be covered.

The Select Committee unanimously felt that this would overburden the Lokpal. There are hundreds of schools, colleges, religious organizations, temples, mosques, gurudwaras, private NGOs, societies, which have nothing to do with the Governmental functioning. Then, why do you burden the Lokpal with this functioning? There will be separate laws under each of their functioning which will cover them. This is one area where I see, from the new Amendments that you have brought, that you have disagreed with the recommendation of the Select Committee. In the Amendment, moved by Shri Narayanasamy, to the Bill as drafted by the Select Committee, in the special Amendment to clause 3, they have excluded religious organizations.

SHRI KAPIL SIBAL: We are not moving this Amendment. I have already indicated that.

SHRI ARUN JAITLEY: I am glad to hear that. If you go back to the recommendation of the original Select Committee, which is the appropriate and the correct amendment, then, I am in favour of that. Otherwise, to include all private organizations within the Lokpal...

SHRI KAPIL SIBAL: No, we are not.

SHRI ARUN JAITLEY: This will almost be infiltrating into every area of life which, at this stage, is not desirable. I am grateful to the hon. Minister if he is not moving the amendment.

SHRI KAPIL SIBAL: We are moving Amendment Nos. 6, 7 and 8. Other than those, we are not moving any other Amendment.

श्री अरुण जेटली: इसके अलावा जांच करने की जो प्रक्रिया थी, वह बहुत विचित्र प्रकार की थी। जो पुराना कानून आया था, उसकी जांच की प्रक्रिया असंभव प्रकार की थी। मुझे याद है, 29 दिसम्बर की बहस में मैंने कहा था कि जैसे एक जलेबी की शेप होती है, एक जांच ऊपर से नीचे आती जाएगी, फिर घूमती जाएगी और वर्षों तक समाप्त नहीं होगी। वह प्रक्रिया इस प्रकार की थी। सेलक्ट कमेटी ने उसको सिम्प्लीफाई किया है। वे सुझाव अधिकतर स्वीकार किए गए, लेकिन आज जो एक अमेंडमेंट है, उसके संबंध में मैं यह भी स्पष्टीकरण ले लूं कि यह जो सरकार की तरफ से सेलेक्ट कमेटी को रेकमेंडेशन आया है, विशेष रूप से अमेंडमेंट संख्या 6...

SHRI KAPIL SIBAL: I shall clarify this.

SHRI ARUN JAITLEY: Mr. Minister, I have some suggestions to offer in regard to your Amendment No.6. It is fair enough to say that the Lokpal should hear a delinquent public servant and, therefore, you have introduced, at Page 10, after line 11, the following proviso, and the proviso reads: "Provided that before ordering an investigation under sub-clause b, the Lokpal shall call for an explanation from the public servant so as to determine whether there exists a *prima facie* case for investigation or not." सामान्य तौर पर जिसके खिलाफ कार्यवाही हो रही है, उससे पूछना अपने आपमें न्यायसंगत है, मुझे इसमें कोई तकलीफ नहीं है। लेकिन इसमें एक अपवाद करने की जरूरत है। आपने जनरल कह दिया कि किसी इन्वेस्टीगेशन या प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी से पहले उसकी सुनवाई होगी। भ्रष्टाचार के बहुत अधिक मामले आते हैं। बाहर जितने भी लोग इस आंदोलन से जुड़े हुए हैं, उन सबका भी यह आग्रह है कि इस विषय पर पुनर्विचार कर लें, यह एक गंभीर विषय है। भ्रष्टाचार के संबंध में जितने विषय आते हैं, उनमें किस प्रकार की शिकायतें आती हैं? अगर यह शिकायत आयी कि किसी ने तीन साल पहले आदेश पारित किया था, क्या इससे प्रिवेंशन ऑफ करप्शन ऐक्ट अट्रैक्ट होता है तो आप सुनवाई कीजिए, कोई तकलीफ नहीं है, लेकिन अगर आरोप यह है कि फलां आदमी रिश्वत मांग रहा है और इस जगह पर रिश्वत लेगा तो आपको उसी वक्त रेड करके, छापा मारकर उसको पकड़ना है। ऐसे मामले में आपको उसे पहले कोई नोटिस देने की जरूरत नहीं है।

श्री कपिल सिब्बल: सर, मैं इस बात का स्पष्टीकरण अभी कर देना चाहता हूं।

SHRI ARUN JAITLEY: Let me just complete and then you give a clarification. So, in a case where a search is required or a raid is required, — this will be

[Shri Arun Jaitley]

required in two cases, that is, where disproportionate assets are located and where bribes are being given or taken — the Lokpal should have the power to take such action without giving a public servant an opportunity of hearing.

श्री कपिल सिब्बल: आप बिल्कुल सही कह रहे हैं कि अगर छापे की जरूरत है या कोई गलत काम कर रहा है, पैसा दे रहा है या पैसा ले रहा है, उस समय कोई hearing की बात नहीं आएगी, hearing तभी होगी जब prosecution launch होगी, prosecution launch करने से पहले छापे पर कोई हेयरिंग नहीं होगी और इस पर स्पष्टीकरण है। It is before launching prosecution.

SHRI ARUN JAITLEY: No, no; it is after launching investigation. That is my difficulty, Mr. Sibal. There is no need to correct it, please.

SHRI KAPIL SIBAL: "Whether there exists a *prima facie* case for investigation....

SHRI ARUN JAITLEY: The moment you introduce it — at page 10 after line 13 — for prosecution I have no difficulty. Please give him a hearing. But, I have no difficulty with this generalisation that you are making before any investigation. Please put a second proviso after this. It will take just one sentence. It was suggested in the All Party meeting yesterday also that put a second proviso "provided where search and seizure is required, no such opportunity will be required in the first instance." I have no difficulty. Put that proviso and you will absolutely add to the strength of this law. But if you insist on hearing in every case before investigation, that before a search and seizure you have to give a notice...

SHRI KAPIL SIBAL: Section 26 allows search and seizure without any hearing.

SHRI ARUN JAITLEY: Section 26 allows search and seizure but search and seizure takes place when investigation is ordered. You can assume that there is an alternative view also possible at times. I am glad on most other issues you are today conceding to the alternative view. Therefore, as far as this provision is concerned, a search and seizure will take place after an investigation, It can't take place before an investigation. Therefore, please allow search and seizure even without a prior notice. Make a clarificatory amendment so that this provision itself can't be misused. It will help you in recovering disproportionately acquired assets; it will help you in stopping cases of corruption. There is no difficulty. If the intention is common then the language has to be so clear that there is no scope

1.00 P.M.

for ambiguity. Therefore, I have no difficulty. Since the discussion is going to go on for some time,- the hon. Minister can consider this. Sir, with regard to the Central Bureau of Investigation, there are several changes which the Select Committee had suggested, with regard to appointment of a Director and appointment of a Director of Prosecution and with regard to financial powers. Now, with regard to transfer of officials, I had made a suggestion and I heard the Minister rightly that during the pendency of a case if an officer is to be transferred, take the prior nod from the Lokpal. Otherwise, the Government would be entitled to shift anybody arbitrarily. The powers of superintendence in Lokpalreferred cases should vest in the Lokpal itself as far as CBI is concerned. I am glad if that amendment with regard to transfer of officials is accepted, then, what the Select Committee had desired in regard to the CBI is taken care of. Sir, if this one matter of drafting required to prior notice can be sorted out, I have just one last point to make and that last suggestion is, you have provided for religious-based reservations in the matter of appointment. I am aware of the fact that my party may be alone in raising this question. But I must point out that the Constitution does not permit this kind of a reservation at any stage and therefore, we have a serious reservation. I am aware of the fact that many other parties may take the view that Mr. Sibal is taking or his Government is taking. But this Bill, to that extent, suffers from a Constitutional vice that you can't have in matters of appointment of an anti-corruption body, religious-based reservations. There is no scope within our Constitutional framework for this kind of a reservation itself. Having said this, I would once again urge the Minister to kindly consider the language.

We have some time in the course of the next couple of hours to rectify that. And, therefore, the investigative agencies and the Lokpal should be empowered to conduct searches in cases of emergency without a prior notice. Our intention seems to be the same. Therefore, the language should not leave any scope for ambiguity as far as this is concerned.

With these observations, my party will fully support this Bill so that this Bill can be passed today itself.

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं, ...(व्यवधान)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think, if the House agrees, today we will have a lunch-break only for half-an-hour.

SHRI SITARAM YECHURY (West Bengal): Sir, avoid the lunch break.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Anyhow, after Satish Chandra Misra's speech, I will take the sense of the House and decide.

SHRI SITARAM YECHURY: No, no. Sir, avoid the lunch break and continue with the debate.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Avoid the lunch break? Oh! If that is the sense of the House, I am very happy. There is no lunch break. I think all of you have agreed *...(Interruptions)...* Okay, fine. All right. Thank you, Yechuryji, for that suggestion. I thank Shri Yechury for that suggestion *...(Interruptions)...* आप लोग बैठिए। ...**(व्यवधान)**... Okay. After the speaks, I will again the sense of the House. मिश्रा जी आप बोलिए।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: उपसभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आज आपने मुझे मेरी बहुजन समाज पार्टी की तरफ से इस *लोकपाल और लोकायुक्त विधेयक, 2011* पर बोलने का मौका दिया है। मैं अपनी पार्टी की लीडर और अपनी लेजिस्लेटिव पार्टी की चेयरमैन सुश्री मायावती जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस विषय पर बोलने के लिए अधिकृत किया है, ताकि मैं अपनी पार्टी की तरफ से अपनी बात सदन के सामने रख सकूं।

मान्यवर, इससे पहले भी लोकपाल बिल पर चर्चा हो चुकी है और सदन के बाहर व सदन के अंदर भी काफी चर्चा हुई है। हर जगह बहुजन समाज पार्टी ने, हमारी लीडर सुश्री मायावती जी ने अपना स्टेंड स्पष्ट किया है कि हम लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। चूंकि हमारी पार्टी हर स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ है, इसलिए इस तरह के बिल का स्वागत करती है और हमेशा यह कहती रही है कि इस बिल को शीघ्र से शीघ्र लाना चाहिए। हम इसके साथ ही सरकार को धन्यवाद भी देते हैं कि वह इस बिल को सदन में लेकर आई है। मैं इस बिल के बारे में कहने से पहले एक बात और कहना चाहूंगा कि इस विषय को लेकर कल एक ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई गई थी। वह ऑल पार्टी मीटिंग राज्य सभा की ओर से बुलाई गई थी। हमारी पार्टी को इस मीटिंग की सूचना मीडिया के माध्यम से तब मिली जब शाम को इस बारे में टेलीविजन पर बताया जा रहा था कि बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी ने इसका बहिष्कार किया है। हमारे मंत्री श्री कमल नाथ जी यहां पर बैठे हैं, इस ऑल पार्टी मीटिंग की जिम्मेदारी इनकी थी या सरकार की तरफ से अन्य जिस किसी की भी जिम्मेदारी थी, मैं उनसे यह जानना चाहता हूं कि कृपया वे यह बताएं कि हमारी पार्टी को ऑल पार्टी मीटिंग में बुलाने की सूचना क्यों नहीं दी गई? अगर सूचना नहीं दी गई, तो जब मीडिया वाले यह पूछ रहे थे कि क्या बी.एस.पी. ने बॉयकाट किया है, तो

कम से कम उस समय मीडिया के सामने तो यह बात स्पष्ट कर देनी चाहिए थी कि हमने उन्हें इस ऑल पार्टी मीटिंग में नहीं बुलाया है, इसलिए वे यहां नहीं आए हैं। यह कहा गया कि वे नहीं आए हैं और बॉयकाट के बारे में पूछा गया तो हमें इस बात का अफसोस है कि इस बात का क्लेरिफिकेशन देना चाहिए था। जब मीडिया के लोगों ने बाहर यह प्रश्न उठाया तब आज हमारी पार्टी की लीडर ने इसका क्लेरिफिकेशन दिया और यह बात भी कही और हमने इस बात का वहां पर विरोध भी किया।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री कमलनाथ): सर, माननीय सदस्य ने यह कहा है कि मैंने उन्हें ऑल पार्टी मीटिंग की सूचना क्यों नहीं दी, तो मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहता हूं कि मुझे भी इसकी सूचना लेट मिली थी। यहां पर सीताराम येचुरी जी भी हैं, इनको भी यह सूचना लेट मिली थी। इसमें कुछ कम्युनिकेशन गैप था। यह सूचना राज्य सभा सेक्रेटेरिएट आफिस के द्वारा जारी की गई थी। मुझे जिस प्रकार की सूचना मिली, यह काफी लेट मिली थी और येचुरी जी को भी लेट मिली थी।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is only a communication gap; it is not deliberate.

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: उपसभापति जी ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have made it clear now.

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: सर, इससे एक गलत मैसेज जाता है कि एक पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, जो कि शुरू से, पहले दिन से ही लोकपाल बिल के लिए अपना ऐसा पक्ष रख रही है कि हम उसके सपोर्ट में हैं और हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द लोकपाल बिल आए, उस पार्टी के बारे में यह प्रचार हो, मीडिया में यह आए कि उन्होंने बायकाट किया, यह सही नहीं था, इसलिए हमने आपके सामने अपनी बात को रखा है।

मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि मैं यह मानता हूं कि यह एक बहुत ही अर्जेन्ट मैटर है, बहुत जरूरी मैटर है, मैं यह भी मानता हूं कि जिस तरीके से हर तरफ भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, उसको देखते हुए इस देश के लिए जरूरी है कि इस तरह का बिल आए, जिससे इस पर कुछ रोकथाम लगे, लेकिन इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि पिछले एक हफ्ते, दस दिन से सदन नहीं चल सका और यह इसलिए नहीं चल सका, क्योंकि हाउस एडजर्न हो जाता था। मैं कहना चाहता हूं कि जैसे आज एक कन्सेन्सस बनाकर, एक निर्णय लेकर इस पर चर्चा हो रही है, वैसे ही एक और बहुत ही महत्वपूर्ण विषय, जिसके लिए हमारी पार्टी पहले दिन से ही यहां पर कहती रही है कि मुजफ्फरनगर में मासूम बच्चे मर रहे हैं और केंद्र की सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। वहां पर उत्तर प्रदेश की सरकार भी अपनी जिम्मेदारी न निभाते हुए मासूम बच्चों को मरने दे रही है। वहां साठ से ज्यादा बच्चे मर चुके हैं और रोज़ाना मर भी रहे हैं, उसके बाद

[श्री सतीश चन्द्र मिश्रा]

भी केन्द्र की सरकार ने इस पर कोई पहल नहीं की है। समाजवादी पार्टी, जिसकी उत्तर प्रदेश में सरकार है, उसने पहले दिन से ही इसका विरोध किया है कि इस बात की चर्चा न हो। अगर इस पर भी चर्चा होती, इस पर भी एक कन्सेन्सस बनता और एक जिम्मेदारी लेकर निर्णय लिया जाता, तो वे मासूम बच्चे, जो मर गए हैं, शायद उनमें से कुछ की जान बचाई जा सकती थी और जो अभी भी मर रहे हैं, हम उनकी जान बचा सकते थे। लेकिन अफसोस यह है कि किसी भी पार्टी ने, चाहे वह विपक्ष की पार्टियां हों या सत्ता पक्ष की पार्टी हो, किसी ने भी इस पर गंभीरता से नहीं सोचा कि इस विषय पर भी एक चर्चा होनी चाहिए और चर्चा करके इसका कोई हल निकाला जाना चाहिए।

इसके साथ-साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक यह लोकपाल का बिल है और जो बिल पहले आया था, जिसको लोक सभा से पारित किया गया था और पारित करके यहां पर भेज दिया गया था और साथ ही यहां पर यह इच्छा भी दर्शाई गई थी कि इसको पारित कर दिया जाए, उस संदर्भ में आज यह खुशी की बात है कि माननीय लॉ मिनिस्टर साहब, जिन्होंने इस बिल को यहां पर रखा है, उन्होंने खुद ही इस बात को मान लिया है कि वह एक अधकचरा और दंतहीन बिल था, जिसको लागू कर देने से कोई फायदा नहीं हो सकता था। वे सारे प्रावधान, जो उन्होंने पहले डाले थे, उनको बदलकर जो मामले सिलेक्ट कमेटी में गए थे, उनको ध्यान में रखते हुए वे आज यह नया बिल लाए हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि अन्य सदस्यों, माननीय लीडर ऑफ अपोजिशन के साथ-साथ मुझे भी सिलेक्ट कमेटी में शरीक होने का मौका मिला था। क्योंकि मैं भी कमेटी का मैम्बर था और हम लोगों ने उसमें जो सुझाव रखे थे, उनमें से काफी सुझाव मान लिए गए हैं। कुछ सुझाव, जो माननीय लॉ मिनिस्टर साहब ने यहीं पर मान लिए हैं, मैं इसके लिए उनको यहीं पर धन्यवाद देता हूं। इसके साथ-साथ मैं उनको इसके लिए भी खास तौर पर धन्यवाद देता हूं कि बहुजन समाज पार्टी की तरफ से शुरू से ही जो बात रखी गई थी, देश के हालातों को देखते हुए जिस तरह से हर संस्था में ऐसे हाल हो रहे हैं कि शैड्यूल्ड कास्ट्स/शैड्यूल्ड ट्राइब्स, बैकवर्ड क्लास, माइनॉरिटीज़ का रिप्रेजेन्टेशन होना चाहिए, परंतु हो नहीं रहा है, आपने सिलेक्ट कमेटी में उनका रिप्रेजेन्टेशन रखा है। आपने जो सर्च कमेटी है, उसमें भी उनका रिप्रेजेन्टेशन रखा है। आपने इस व्यवस्था को लोकपाल की कमेटी में भी रखा है, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। मैं आपको इसके लिए भी बहुत धन्यवाद देता हूं कि हमारी पार्टी की तरफ से जो बात शुरू से कही जा रही थी, आप उसको स्वीकार करते हुए इसमें उसको लाए हैं। मैं इस बात से बिल्कुल राजी नहीं हूं और इस बात को बिल्कुल भी एक्सेप्ट नहीं करता हूं कि इस तरह का कोई प्रोविजन लाने से यह अनकांस्टीट्यूशनल होगा। यह किसी भी प्रकार से अनकांस्टीट्यूशनल प्रोविजन नहीं है। उसमें जिस तरह का कोई भी रिज़र्वेशन नहीं है, जिस तरह के रिज़र्वेशन की बात कहकर कहा जा रहा है कि अगर आप इसको लाएंगे तो यह अनकांस्टीट्यूशनल होगा। हमारी पार्टी इससे मत नहीं रखती है। मैं यह मानता हूं कि आपने ऐसा करके सही किया है। जो अन्य संस्थाएं हैं, जिनका मैं पहले भी कई बार एग्जैम्पल दे चुका हूं कि जहां पर इस तरह के प्रावधान

नहीं हैं, वहां पर इन क्लास के लोगों के साथ हमेशा से ज्यादती होती आ रही है। वहां पर आज भी उनका रिप्रेजेन्टेशन नहीं है। चूंकि इस बिल को लॉ मिनिस्टर साहब पेश कर रहे हैं, इसलिए यह उनकी नॉलेज में है कि जब उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में इस तरह का कोई सिलेक्शन होता है, तो उसमें कोई प्रोविजन नहीं रखा है।

आप देख लें, ऐसा प्रोविज़न न होने की वजह से आज आपको पूरे देश में हाई कोर्ट्स में गिनती के लोग मिलेंगे, जो शैड्यूल्ड कास्ट के होंगे as High Court judge और सुप्रीम कोर्ट में भी। आप इलाहाबाद उच्च न्यायालय को ही ले लीजिए। जहां तक शैड्यूल्ड कास्ट के रिप्रिजेंटेशन की बात है, जहां पर 160 की स्ट्रेंग्थ है, वहां पर शैड्यूल्ड कास्ट का रिप्रिजेंटेशन शून्य है। वह इसी वजह से है, क्योंकि इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है। आपको आगे चल कर हाई कोर्ट्स में अप्वायंटमेंट्स के सम्बन्ध में इस तरह का प्रावधान सोचना पड़ेगा और सुप्रीम कोर्ट के बारे में भी आपको सोचना पड़ेगा, जिससे 25 परसेंट जनता, जो शैड्यूल्ड कास्ट को बिलांग करती है, उसके कुछ रिप्रिजेंटेटिव्स उसकी बात सुनने के लिए, उसकी बात समझने के लिए इन जगहों पर भी कुछ लोग वहां बैठे हों।

इसके साथ-साथ जहां तक बिल का सवाल है, मैं आपसे एक चीज़ जरूर कहना चाहूंगा। First I would like to ask the hon. Law Minister whether he is proceeding to press the amendment to clause 9 or not. Kindly see it.

SHRI KAPIL SIBAL: It is only clauses 6, 7 and 8.

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: Because sub-clause 2 of clause 9 says, "Direct the closure of report before the special court against the public servant..." which, I think, can't be sustainable and it would be *ultra vires* provision. Since you have accepted this, I need not speak much on this.

Besides this, what I would say is that you have done a right thing by accepting the Select Committee's recommendation so far as CBI's empowerment is concerned. You have also agreed today that in case of transfer, you would seek permission from the Lokpal. Therefore, that also strengthens the Bill further.

Looking into all these aspects, so far as my party is concerned, we feel, as was said by the Leader of the Opposition, the other Bill also should be brought जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है, तो हमारी पार्टी ने, जब सुश्री मायावती जी वहां की मुख्य मंत्री थीं, उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी कानून बनाया और उसको लागू किया। यह बात दूसरी है कि अब वहां सब खत्म हो गया है। जब वहां कोई कानून की व्यवस्था ही नहीं है, तो गारंटी की बात ही नहीं रह गई। पहले हम लोग वहां पर जनहित गारंटी कानून लाए थे और उसको लागू किया था। मैं खुश होता, अगर समाजवादी पार्टी के सदस्य यहां मौजूद होते

[Shri Satish Chandra Misra]

और इस बात को सुनते, लेकिन वे यहां नहीं है। ...**(व्यवधान)**... मैं यह चाहता हूं कि जिस तरह से हम लोग उत्तर प्रदेश में कानून लाए थे, आपको भी यहां लाना चाहिए।

मैं आखिरी बात कहना चाहूंगा। इसके पहले कि मैं अपनी आखिरी बात कहूं, मैं श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी जी, जो सेलेक्ट कमेटी के चेयरमैन थे, को बधाई दूंगा, क्योंकि उन्होंने जिस तरीके से सेलेक्ट कमेटी को चलाया, जिस तरीके से सबको मौका दिया, सबकी बातों को सुन कर और सरकार के दबाव में न आकर उन्होंने जिस तरीके से कानून को ड्राफ्ट किया, इस बात के लिए वे खास तौर से बधाई के पात्र हैं। मैं उनको बधाई देता हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री रवि शंकर प्रसाद (बिहार): सर, मैं बड़े अदब से एक बात कहना चाहता हूं। देखिए, चतुर्वेदी जी कांग्रेस के हैं, लेकिन बढ़िया काम होता है, तो सदन कितनी प्रशंसा करता है और वहीं 2जी पर जेपीसी होती है, क्या काम होता है कि सदन में गतिरोध होता है, यह भी देख लीजिए। मैं यही बात कहना चाहता हूं।

श्री शिवानन्द तिवारी (बिहार): उसका चेयरमैन भी चतुर्वेदी जी को बना दीजिए।

श्री रवि शंकर प्रसाद: देख लीजिए, यह हिन्दुस्तान का लोकतंत्र है कि सब चतुर्वेदी जी की तारीफ कर रहे हैं और 2 जी की जेपीसी ने ऐसा काम किया कि उसको ओन-अप करने में भी शर्म आती है।

श्री सीताराम येचुरी: आपके कहने का मतलब है कि सत्यव्रत जी को जेपीसी का चेयरमैन बनाना चाहिए।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: मैं अपनी बात समाप्त करने के पहले आपका ध्यान क्लॉज़ 63 की तरफ ले जाना चाहूंगा। माननीय लीडर ऑफ दि अपोजीशन ने यह बात कही कि क्लॉज़ 63 के होने की वजह से आपने लोकायुक्त वाला प्रोवीज़न तो हटा दिया, but, within one year, all the States will create an office of the Lokayukta. I think, except Gujarat, almost everywhere there was a Lokayukta. Now, Gujarat also has a Lokayukta. But, the difficulty is that what was being said is probably not there in the provision that now these States will be bound, the draft would be sent to the States and they would also make an enactment of the same nature. Now it is open to them. They will say or an answer from the States can come that they already have a Lokayukta. In Uttar Pradesh the Lokayukta Act is absolutely different where the tenure is extended every now and then. It is now nine years extension. If you see clause 63 of the Bill it says, "Every State shall establish a body to be known as Lokayukta for the State. If not so established, constituted or appointed by a law made by the State Legislature to deal with the complaints relating to corruption against certain public functionaries within a period of one year from the date of

